पायनियर भालू
एक सच्ची कहानी पर आधारित
जोन सैंडिन

पायनियर भालू

एक सच्ची कहानी पर आधारित

जोन सैंडिन

एंड्रयू ने एक भालू के बच्चे को जंगल में घूमते हुए पाया. वो अपनी माँ के लिए रो रहा था. भालू के बच्चे को नहीं पता था कि उसके साथ क्या हुआ था. लेकिन एंड्रयू जानता था. उसने एक गोली की आवाज़ सुनी थी.

एक माँ भालू को गोली मारने वाला मतलबी आदमी कौन हो सकता है? उसने आश्चर्य से सोचा.

एंड्रयू भालू के बच्चे को घर ले आया.

"भगवान के नाम पर हम उस भालू के बच्चे के साथ क्या करेंगे?" माँ ने पूछा.

एंड्रयू ने कहा, "मैं उसकी देखभाल करूंगा."

"मैं उसे खिलाऊंगा और उसे कई ट्रिक्स सिखाऊंगा."

"तुम उसे ट्रिक्स सिखाओगे!" उसकी माँ ने कहा.

"क्या कभी किसी ने पहले ऐसी बात सुनी है!"

लेकिन माँ ने यह नहीं कहा कि वो भालू के बच्चे को रख नहीं सकता था.

और इसलिए एंड्रयू ने उस भालू के बच्चे को रखा.

एंड्रयू ने छोटे शावक का नाम बेयरली रखा.

उसने उसे गर्म दूध और शहद में भिगोई मक्के की रोटी खिलाई.

उसने आग के पास उसके लिए एक बिस्तर बनाया.

छोटे शावक ने एंड्रयू की गर्दन को रगड़ा और सूँघने की आवाज़ की.

भालू के बच्चे ने हर जगह एंड्रयू का पीछा किया.

एंड्रयू ने बेयरली को अपने पिछले पैरों पर खड़ा होना सिखाया.

यहां तक कि उसने डांस करना भी सीखा.

जॉन लेसी फोटो गैलरी

तीस मील दूर, जॉन लेसी नाम के एक फोटोग्राफर ने उस नाचते हुए भालू के बारे में सुना.

"नाचते हुए भालू की तस्वीर कितनी बढ़िया होगी!" उसने कहा.

फिर उसने अपना कैमरा पैक किया और इरविन फार्म के लिए निकल पड़ा.

हैटी ने दरवाजा खोला.

"गुड-मॉर्निंग," फोटोग्राफर ने कहा.
"मुझे एक ऐसे भालू की तलाश है
जो नाच सके."

"बियरली डांस कर सकता हैं,"
हैटी फुसफुसाई.

"तुम किससे बात कर रही हो, हैटी?"
उसकी माँ से पूछा.

"मेरा नाम जॉन लेसी है, मैडम. यह मेरा
कैमरा है. क्या मैं आपके नाचते भालू की
तस्वीर खींच सकता हूं."

मिसेज़ इरविन ने उस ब्लैक-बॉक्स को देखा.

उन्होंने कैमरा पहले कभी नहीं देखा था.

"आगे वे और क्या-क्या नया इज़ाद करेंगे!"
उन्होंने सोचा.

"ठीक है, अंदर आओ, मिस्टर लैसी. मैं हैटी को
उसके भाई को बुलाने भेजती हूँ."

एंड्रयू दरवाजे पर आया और उसने एक अजनबी को खड़े हुए देखा.

"हेलो, बेटे," जॉन लेसी ने कहा. "क्या तुम जानते हो, कि मैं यहाँ क्यों आया हूँ?"

"हैटी ने मुझे बताया है," एंड्रयू ने कहा. "क्या वो काली चीज आपका कैमरा है?"

"हाँ," जॉन लेसी ने उत्तर दिया.

"अगर आप उसकी तस्वीर लेते हैं तो उससे बियरली को कोई चोट तो नहीं पहुँचेगी?" एंड्रयू ने पूछा.

"बिलकुल भी नहीं!" जॉन लेसी हँसा.

एंड्रयू बाहर चला गया.

"बियरली!" वो चिल्लाया,

लेकिन बेयरली नहीं आया.

एंड्रयू ने खलिहान में उसकी तलाश की.

बेयरली को घास में झपकी लेना पसंद थी.

लेकिन छोटा शावक वहां नहीं था.

जेम्स और हरमन तभी वहां रास्ते से गुजरे.

"क्या आपने बेयरली को देखा है?" एंड्रयू ने उनसे पूछा.

एंड्रयू ने उन्हें मिस्टर लैसी के बारे में बताया.

"एक फोटोग्राफर!" उसके भाई चिल्लाए.

"चलो, हम भी बेयरली को ढूंढते हैं!"

"वो हमेशा धुएं वाले कमरे के आसपास सूँघता है," जेम्स ने कहा.

"चलो हम वहाँ जाकर उसकी तलाश करते हैं."

उन्होंने वहाँ कुछ सॉसेज और हैम दिखे, लेकिन बियरली वहां नहीं था.

"उसे चींटियों और शहद के लिए जंगल में घूमना पसंद है," एंड्र्यू ने कहा.

"हम वहां भी उसे खोज सकते हैं."

उन्हें कुछ अच्छे पके ब्लूबेरी मिलीं, लेकिन बियरली नदारद था.

"शायद वो मछली पकड़ने गया हो," हरमन ने कहा.

"चलो झील पर जाकर देखते हैं."

लेकिन बियरली वहां भी नहीं था.

जेनी और सारा अपने रविवार के कपड़ों
के लिए स्कर्ट का घेरा बनाने के लिए
बेलें इकट्ठी कर रही थीं.

लड़कियों ने आउटहाउस में देखा,
लकड़ी के ढेर के पीछे, और मुर्गियों के दबड़े में.
उन्हें कुछ ताजे अंडे ज़रूर मिले,
लेकिन बियरली नहीं मिला.

एंड्रयू ने उन्हें मिस्टर लेसी के बारे में बताया.
"ओह, कितना रोमांचक है!" उसकी बहनों ने कहा.
"हम बियरली को ढूंढने में तुम्हारी मदद करेंगे."

"मुझे आश्चर्य है कि एंड्रयू को
इतनी देर क्यों हो रही है,"
मिसेज़ इरविन ने कहा.

उन्होंने ओवन से एक गर्म पैन निकाला.

"मिस्टर लेसी," उन्होंने कहा, "क्या आप रात
के खाने के लिए रुकना चाहेंगे?"

उन्होंने गरमा-गर्म मक्के की रोटी सूंघी.

"निश्चित रूप से!" उन्होंने कहा.

एंड्रयू ने अपनी प्लेट पर चम्मच से
क्रैनबेरी डालीं.

उसने अपने चिकन और आलू के ऊपर
गाढ़ी गर्म ग्रेवी डाली.

वो खुश था कि उसकी माँ ने इतना अच्छा
खाना बनाया था.

जॉन लेसी ने अपनी ठुड्डी से ग्रेवी पोंछी.

"खाना बहुत ही स्वादिष्ट था, मिसेज़ इरविन. उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद. मुझे खेद है कि मैं बेयरली को देखने से चूक गया."

एंड्र्यू ने नीचे अपनी प्लेट की ओर देखा.

उसे लगा कि वह रो पड़ेगा और वो नहीं चाहता था कि मिस्टर लेसी उसे देखें.

"क्या मैं आपको एक सुझाव दूँ," जॉन लेसी ने कहा.

"चूंकि मैं यहां आया ही हूं, इसलिए मैं एक तस्वीर क्यों न खींचूं - आपके पारिवार का फ़ोटो कैसा रहेगा?"

"ओह!" जेनी और सारा चिल्लाईं.

"हाँ बोलो!" जेम्स और हरमन से भीख मांगी.

"ज़रूर!" हैटी ने कहा.

मिस्टर इरविन ने अपनी पत्नी की ओर देखा.

"वो बहुत अच्छा रहेगा," उन्होंने कहा, "लेकिन हमारे रोज़मर्रा के कपड़ों में नहीं."

"बिलकुल नही!" जेनी और सारा ने कहा.

जॉन लेसी ने खिड़की से बाहर देखा.

"पर देखिये जल्द ही अंधेरा हो जाएगा. आप कितनी जल्दी अपने कपड़े बदल सकते हैं?" उन्होंने पूछा.

"फटाफट, बहुत जल्दी!" जेनी ने कहा.

फिर एक हंगामा हुआ!

वो रविवार की सुबह को चर्च जाने की तैयारी जैसा था.

मिसेज़ इरविन ने जेनी के बालों को ब्रश किया.

जेनी ने सारा के बालों को ब्रश किया,
और सारा ने हैटी के बालों को ब्रश किया.

"मुझे बहुत खुशी है कि हमने घेरे वाली स्कर्ट बनाई!" जेनी ने कहा.

"क्या होता अगर हमें एक पिचकी हुई स्कर्ट के साथ एक फ़ोटो खिंचवानी पड़ती!"

"तो मैं मर जाती!" सारा ने कहा.

एंड्रयू ने अपना रविवार वाला सूट पहना.

उसने अपने कड़े नए जूते पहने.

जूतों ने उसके पैरों में काटा, लेकिन क्योंकि वे एकदम नए थे, इसलिए एंड्रयू को उन पर बहुत गर्व था.

"काश, बियरली यहाँ होता," उसने कराहते हुए कहा.

उसने कई बार उसे बुलाने
की कोशिश की, लेकिन
बेयरली नहीं आया.

मिस्टर इरविन बैठ गए.

वो संडे सूट पहने हुए थे.

मिसेज़ इरविन उनके पास बैठीं.

उन्होंने अपनी शादी वाली पोशाक पहनी थी.

वो थोड़ी तंग थी.

हैटी उनकी गोद में चढ़ गई.

जॉन लेसी ने बाकी सभी को बताया कि
उन्हें कहाँ-कहां खड़ा होना था.

जॉन लेसी ने अपना कैमरा सेट किया.

"कृपया कुछ कुर्सियाँ लाएं," उन्होंने कहा.

"जल्दी करें, रोशनी जल्द ही कम हो जाएगी."

फिर उन्होंने अपना सिर एक काले कपड़े के नीचे रखा.

"फ्रेम अच्छा लग रहा है," उन्होंने कहा.

"अब आप सभी एकदम शांत रहें.
जो कोई भी हिला उसकी तस्वीर धुंधली आएगी."

उन्होंने फोटो प्लेट को कैमरे में डाला और फिर लेंस का कवर हटाया.
फिर उन्होंने अपनी जेब घड़ी की ओर देखा.

एंड्रयू की नाक में खुजली होने लगी, पर उसने नाक खरोंची नहीं. वो अपनी फोटो धुंधली नहीं होने देना चाहता था.

अंत में, जॉन लेसी ने कहा. "ठीक है, अब आप लोग उठ सकते हैं."

हैटी अपनी माँ की गोद से कूद गई.

एंड्रयू ने अपनी नाक खुजलाई.

मिस्टर लैसी ने कैमरे से फोटो प्लेट निकाली.

उन्होंने उसे सावधानी से अपने बैग में पैक किया.

"क्या हमें फोटो देखने को नहीं मिलेगी?" हैटी ने पूछा.

"अभी नहीं" मिस्टर लैसी ने कहा. "मुझे पहले फोटो को तैयार करना होगा. अगली बार जब मैं इस तरफ आऊंगा तो मैं अपने साथ फोटो ज़रूर लाऊंगा."

फिर पूरे परिवार ने जॉन लेसी को दूर जाते हुए देखा. जल्द ही वो सड़क पर एक छोटी सी बिंदी बन गए.

"जब मैं बड़ा होऊँगा," हरमन ने कहा, "तो मैं भी एक फोटोग्राफर बनूँगा."

"मैं भी," एंड्र्यू ने कहा, "एक फोटोग्राफर और एक भालू ट्रेनर."

तभी उसने अपने सिर के ऊपर से एक टहनी के टूटने की आवाज़ सुनाई दी.

उसने ऊपर देखा.

भालू पेड़ पर से नीचे उतरा.

उसने एंड्र्यू के चारों ओर नृत्य किया और उसका चेहरा चाटा.

"अब तुम अपनी ट्रिक्स दिखाओ!" एंड्र्यू ने कहा.

लेकिन वो वास्तव में उस पर गुस्सा नहीं था, और बेयरली वो बात जानता था.

कोई भूरा और झबरीला उसे नीचे देख रहा था.

एंड्र्यू को अपनी आँखों पर यकीन नहीं हुआ.

"बियरली!" एंड्र्यू चिल्लाया. "धूर्त! तुम कहाँ थे? नीचे आओ!"

एंड्र्यू ने जॉन लेसी के वापस आने का हर दिन इंतज़ार किया लेकिन हैटी ने उन्हें सबसे पहले आते हुए देखा.

"वो आ गया है!" वो चिल्लाई.

"उसने मक्का की रोटी को सूंघी होगी!" मिस्टर इरविन हँसे.

जॉन लेसी अपने घोड़े से नीचे उतरा.

"मेरे पास आपके लिए एक आश्चर्यजनक चीज़ है." उन्होंने कहा.

उनके हाथ में एक चपटा पैकेट था.

"उसमें आश्चर्य की क्या बात है?" हैटी ने कहा. "वो हमारा पारिवारिक चित्र है."

"वो सच है," जॉन लेसी ने कहा, "लेकिन उसमें एक आश्चर्य भी है."

सभी ने मिस्टर लेसी को पैकेट खोलते हुए देखा.

"देखो!" एंड्र्यू चिल्लाया. "उसमें हम सब हैं! और किसी का भी चित्र धुंधला नहीं है!"

"पर मैं वो नहीं हूँ." हैटी ने कहा.

"मैं इतनी छोटी नहीं हूँ!"

"ज़रा हमारी खूबसूरत स्कर्ट को देखो!" जेनी और सारा चिल्लाईं.

"हमारा घर बहुत अच्छा लग रहा है,"
मिसेज़ इरविन ने कहा.

उनके पति गर्व से मुस्कुराए.

लॉग केबिन उन्होंने खुद अपने हाथों से बनाया था.

"लेकिन वो धुंधली चीज़ क्या है?" हैटी ने पूछा.
"वहाँ ऊपर पेड़ में?"

सबने बारीकी से देखा.

पेड़ में ऊपर कुछ था.

कुछ धुंधला, और प्यारा, और भूरा ...

अब मिस्टर लैसी सच में हंस रहे थे.

"क्यों आप सभी को अब आश्चर्य हुआ?"
उन्होंने कहा.

"हाँ!" एंड्र्यू ने कहा.

"चलो, आखिर वह धूर्त फोटो में आ गया!"